श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 122, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज मंगलवार, 8 दिसम्बर, 2020

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

भारत बंद आज, जानें क्या आएंगी मुश्किलें

किसान संगठनों ने नए कृषि कानूनों के विरोध में मंगलवार को भारत बंद का ऐलान किया है। ऐसे में घर से निकलने से पहले पढ़ें यह रिपोर्ट और जानें बाहर क्या आएंगी मुश्किलें और बंद को लेकर कैसी है सरकार किसानों और विपक्षी दलों की तैयारी...

कैसी है सरकार, किसानों और विपक्षी दलों की तैयारी...

नई दिल्ली, एजेंसियां/ब्यूरो। किसान संगठनों ने नए कृषि कानूनों के विरोध में मंगलवार को भारत बंद का ऐलान किया है। देश के तमाम विपक्षी दलों ने इस बंद का समर्थन किया है। लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति बरकरार रहे और कहीं भी हिंसा या उपद्रव ना हो इसके लिए सरकार ने भी कमर कस ली है। देशव्यापी बंद को देखते केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों को एडवाइजरी जारी की है। वहीं कर्मचारियों को कार्यस्थलों पर पहुंचने में किसी तरह कि कोई दिक्कत नहीं हो किसानों ने इसका भी ख्याल रखा है। आइए जानते हैं भारत बंद के चलते क्या आएंगी मुश्किलें और इसको लेकर कैसी है सरकार, किसानों और विपक्षी दलों की तैयारी...

भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि भारत बंद के तहत सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक चक्काजाम किया जाएगा। कर्मचारी दफ्तर जा सकें और शाम को घर लौट सकें इसका विशेष ध्यान रखा गया है। क्योंकि आमतौर पर सुबह 11 बजे तक लोग दफ्तर जा रहे होते हैं और शाम तीन बजे से छुट्टी होनी शुरू हो जाती है।

शांतिपूर्ण रहेगा बंद लेकिन दोपहर बाद खोलें दुकानें

किसान नेता राकेश टिकैत ने दुकानदारों से गुजारिश की है कि वे लंच के बाद ही दुकानें खोलें। वहीं किसान नेता डॉ. दर्शन पाल ने कहा है कि हमारा शांतिपूर्ण भारत बंद का आह्वान है। किसान भाई चार घंटों के संपूर्ण बंद में कोई हिंसा या जोर जबरदस्ती न करें।

लोगों को परेशान नहीं करने का दिया भरोसा

किसानों ने कहा है कि कर्मचारी रोज की तरह अपने ऑफिस जा सकेंगे। उन्हें परेशान नहीं किया जाएगा। एंबुलेंस और विवाह समारोहों में शामिल होने जा रहे लोगों और वाहनों को किसी तरह की रुकावट नहीं डाली जाएगी। प्रदर्शन शांतिपूर्ण होगा और हिंसा और उपद्रव की इजाजत नहीं होगी।

झंडा घर छोड़कर आएं राजनीतिक दल

किसान नेता डॉ. दर्शन पाल ने कहा कि भारत बंद के मद्देनजर राजनीतिक दलों से अपील है कि जब किसान आंदोलन में शामिल होने के लिए आएं तो अपना झंडा घर छोड़कर आएं। यही नहीं किसान संगठनों ने मंच पर किसी भी राजनीतिक दल के नेता को जगह नहीं देने की बात कही है।

थम जाएंगे ट्रकों के पहिए

लुधियाना से चरणजीत सिंह लोहारा प्रधान पंजाब ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने कहा कि ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस ने किसानों के समर्थन में आठ दिसंबर को चक्का जाम करने का फैसला किया है। परिवहन संघ, ट्रक यूनियन, टेंपो यूनियन सभी ने बंद को सफल बनाने का फैसला किया है। इस बंद का असर पूरे भारत में होगा।

केंद्र ने राज्यों को दिए दिशा-निर्देश

'भारत बंद' के दौरान हिंसा नहीं हो इसे लेकर केंद्र सरकार सतर्क है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को एडवाइजरी जारी कहा है कि मंगलवार को 'भारत बंद' के दौरान सुरक्षा कड़ी करते हुए सभी जगह शांति सुनिश्चित की जाए। यही नहीं इस दौरान कोरोना से बचाव को लेकर जारी गाइडलाइन का पालन कराया जाए।

आठ राज्यों ने किया समर्थन

अब तक आठ राज्य सरकारों ने भारत बंद का समर्थन किया है। इनमें दिल्ली, पंजाब, राजस्थान, झारखंड, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, केरल और महाराष्ट्र की सरकारें शामिल हैं। ममता बनर्जी ने किसानों की मांगों का तो समर्थन किया है लेकिन भारत बंद को सपोर्ट नहीं किया है।

किसानों के इस भारत बंद का कांग्रेस, राकांपा, माकपा, सपा, बसपा, शिवसेना, नेकां, पीडीपी, राजद, द्रमुक, एमएनएमए भाकपा टीआरएस, गुपकार अलायंस और आम आदमी पार्टी जैसे प्रमुख दलों ने समर्थन किया है। माना जा रहा है कि इस बंद का असर नौ दिसंबर की वार्ता पर पड़ना तय है। यही वजह है कि किसान बंद को सफल बनाने पर जोर दे रहे हैं।

इन सरकारों ने नहीं किया समर्थन

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दो-टूक कहा है कि बंद के दौरान जरूरी सेवाओं को रोकने और जबरदस्ती करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने कहा है कि प्रदर्शन के दौरान आम लोगों को परेशान करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। शिवराज ने भी उपद्रव करने वालों को चेताया है।

बाकी राज्यों में ऐसा रहेगा हाल

पंजाब और हरियाणा : सबसे पहले बात पंजाब और हरियाणा की तो इन राज्यों में अधिकांश पेट्रोल पंप शाम पांच बजे तक बंद रहने का अनुमान है। हालांकि इमरजेंसी सेवाओं से जुड़ी गाड़ियों तेल मिलेगा।

राजस्थान : राजस्थान में अनाज मंडियां बंद रहेंगी लेकिन आपात सेवाएं जारी रहेंगी। सूबे की 247 अनाज मंडियां बंद रखने का फैसला किया गया है। पेट्रोल पंप, अस्पताल, मेडिकल स्टोर खुले रहेंगे।

झारखंड और महाराष्ट्र : झारखंड में परीक्षाएं टाल दी गई गई हैं। इमरजेंसी सेवाओं को छोड़कर बाकी के बंद रहने का अनुमान है। महाराष्ट्र एसटी बसें बंद रखने की बात सामने आ रही है। अस्पताल और मेडिकल स्टोर खुले रहेंगे।

कृषि मंत्रालय में दिनभर बैठकों का दौर

किसान नए कृषि कानूनों को रद करने और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी की मांग कर रहे हैं। इस मसले पर सरकार और किसान संगठनों के बीच नौ दिसंबर को छठे दौर की बातचीत होनी है। बड़ी बात यह कि किसानों ने सरकार की ओर से मांगे गए एतराज वाले बिंदुओं की सूची और ठोस सुझाव नहीं भेजे हैं। किसानों के आंदोलन के मसले पर कृषि मंत्रालय में सोमवार को पूरे दिन बैठकों का दौर चलता रहा। सूत्रों की मानें तो देर शाम को तैयार प्रस्तावों पर कृषि मंत्री नरेंद्र तोमर और रेल एवं वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के बीच बातचीत भी हुई। देखना यह है कि कितनी जल्द किसानों का आंदोलन खत्म होता है...

कृषि मंत्री से मिले हरियाणा के किसान नए कानूनों का किया समर्थन

नई दिल्ली, एजेंसी। हरियाणा से 20 किसानों के एक समूह ने सोमवार को केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर से मुलाकात की और नए कृषि कानूनों का समर्थन किया। खुद को प्रगतिशील किसानों का प्रतिनिधिमंडल बताते हुए उसके एक सदस्य ने बताया कि पद्मश्री कमल सिंह चौहान के नेतृत्व में समूह ने तोमर से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार नए कृषि कानूनों के कुछ प्रावधानों में संशोधन कर सकती है, लेकिन उन्हें रद नहीं करना चाहिए। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने कहा कि वे किसान उत्पादक संघों (एफपीओ) के प्रतिनिधि हैं। प्रतिनिधिमंडल में भारतीय किसान यूनियन (अतर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अतर सिंह संधू भी शामिल थे।

कृषि मंत्री से मुलाकात के बाद प्रोग्रेसिव फार्मर क्लब सोनीपत के अध्यक्ष कंवल सिंह चौहान ने कहा कि जो किसान आंदोलन कर रहे हैं उनको गुमराह किया गया है। पीएम ने बार-बार भरोसा दिया है कि एमएसपी और मंडी सिस्टम जस का तस रहेगा। गौरतलब है कि मंगलवार 8 दिसंबर को आंदोलनरत किसानों ने भारत बंद बुलाया है। जिसका कई मजदूर संगठनों और राजनीतिक पार्टियों ने समर्थन भी किया है।

भारत बंद को 24 विपक्षी दलों और संगठनों का समर्थन

बता दें कि केंद्र सरकार के नए कृषि कानूनों के खिलाफ किसान दिल्ली बॉर्डर पर डटे हैं। एक के बाद एक विपक्षी दल किसानों के समर्थन में सामने आ रहे हैं। किसानों के मंगलवार को होने वाले भारत बंद को विपक्षी दलों ने भी समर्थन दिया है। किसानों का मंगलवार भारत बंद है। कांग्रेस से लेकर आम आदमी पार्टी तक सारी विपक्षी पार्टियों ने इस बंद के समर्थन का ऐलान किया है। सोमवार सुबह दिल्ली में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी किसानों के बीच पहुंचे जबकि उत्तर प्रदेश में पूर्व सीएम और सपा प्रमुख अखिलेश यादव को मार्च निकालने के दौरान हिरासत में ले लिया गया. सपा के कार्यकर्ताओं ने यूपी के हर जिले में किसान यात्रा निकाली। बहरहाल, किसानों के भारत बंद को 24 विपक्षी दलों और संगठनों ने समर्थन दिया है। इनमें कांग्रेस, लेफ्ट पार्टियों के अलावा अधिकतर क्षेत्रीय पार्टियां शामिल हैं।

'भारत बंद' को लेकर सरकार अलर्ट, जारी की देशव्यापी एडवाइजरी, राज्यों को सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश

मंगलवार को आयोजित होने वाले भारत बंद को देखते हुए केंद्र सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को एडवाइजरी जारी की है। सरकार ने अपने दिशा-निर्देश में राज्यों से सुरक्षा कड़ी करते हुए सभी जगह शांति सुनिश्चित करने को कहा है।

नई दिल्ली, पीटीआइ। किसान संगठनों की ओर से बुलाए गए 'भारत बंद' के दौरान शांति बनी रहे और किसी तरह की हिंसा या उपद्रव नहीं हो इसे लेकर केंद्र सरकार बेहद सतर्क है। सरकार ने 'भारत बंद' के मद्देनजर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को एडवाइजरी जारी की है। अधिकारियों ने बताया कि सरकार ने अपने दिशा-निर्देश में कहा है कि मंगलवार को 'भारत बंद' के दौरान सुरक्षा कड़ी करते हुए सभी जगह शांति सुनिश्चित की जाए।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सरकार किसानों के साथ खड़ी है। किसानों के साथ बातचीत करके उनकी शंकाओं का समाधान किया जाएगा। सरकार किसानों को पूरी तरह से संतुष्ट करेगी लेकिन किसान आंदोलन की आड़ में ऐसे तत्व जो हमारे देश में अराजकता जैसी स्थिति पैदा करना चाहते हैं। हम उनपर भी नजर रखेंगे उनको नहीं छोडेंगे।

गुजरात CM विजय रूपाणी ने कहा कि गुजरात में किसानों और APMC की तरफ से भारत बंद को समर्थन नहीं है। गुजरात में ऐसी कोई स्थिति नहीं है। कल ये बंद सफल नहीं रहेगा। सरकार ने भी पूरी व्यवस्था की है कि बंद के नाम पर कोई हिंसक घटना न घटे। कृषि कानूनों का जो विरोध चल रहा है वो अब किसान आंदोलन नहीं रहा क्योंकि इसमें राजनीतिक दल कूद पड़ें हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से जारी देशव्यापी दिशा-निर्देश में कहा गया कि राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेश के प्रशासकों को सुनिश्चित करना चाहिए कि कोरोना से बचाव को लेकर जो गाइडलाइन पहले जारी की गई है उसका पालन किया जाए। साथ ही प्रदर्शनों के दौरान शारीरिक दूरी बरकरार रखी जाए। राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को 'भारत बंद' के मद्देनजर शांति बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि राज्यों से कहा गया है कि 'भारत बंद' के दौरान शांति भंग नहीं हो इसको लेकर पहले से ही एहतियाती कदम उठाए जाएं। साथ ही कड़ी चौकसी रखी जाए ताकि कहीं भी कोई अप्रिय घटना नहीं हो। मालूम हो कि मंगलवार को किसान संगठनों ने 'भारत बंद' का आह्वान किया है। किसान संसद के मॉनसून सत्र में लाए गए तीन नए कृषि कानूनों का विरोध कर रहे हैं।

किसानों की ओर से बुलाए गए 'भारत बंद' का कांग्रेस, राकांपा, द्रमुक, सपा, टीआरएस और वामपंथी दलों जैसी बड़ी पार्टियों ने समर्थन किया है। हजारों की संख्या में किसान दिल्ली के सीमावर्ती इलाकों में प्रदर्शन कर रहे हैं। सरकार किसान नेताओं के साथ पांच दौर की बातचीत कर चुकी है लेकिन आंदोलन खत्म नहीं हो पाया है। किसान संगठनों के नेता तीनों कृषि कानून को रद करने मांग पर अड़े हुए हैं।

लखनऊ में हिरासत में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, बोले–भाजपा कर रही लोकतंत्र की हत्या

लखनऊ, जेएनएन। कन्नौज में समाजवादी पार्टी की किसान यात्रा रवाना करने से रोके गए समाजवादी पार्टी ने भारतीय जनता पार्टी पर जमकर हमला बोला है। लखनऊ में अपने आवास में करीब छह घंटा नजरबंद रहे अखिलेश यादव ने अपने आवास के पास विक्रमादित्य मार्ग पर धरना दिया और मीडिया को संबोधित किया। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा समाजवादी पार्टी किसानों के मंगलवार को भारत बंद आंदोलन के साथ खड़ी है। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता कल प्रदेश में जगह-जगह किसानों के हित व हक में आवाज बुलंद करेंगे। अखिलेश ने यह भी कहा कि स्वामीनाथन आयोग का जो हवाला दिया जा रहा है उसमें सरकार यह बताएं कि उसमें किन-किन फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य दोगुना किया गया है। साथ ही किन किन फसलों में किसानों की आय दोगुनी हो पाई है। मुझे कन्नौज जाने से रोकने से किसानों की आवाज नहीं दबेगी।

लखनऊ के विक्रमादित्य मार्ग पर करीब 45 मिनट तक धरने पर बैठे समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। उनको पुलिस की बस में बैठाया गया है। धरना पर बैठे अखिलेश यादव पुलिस की बैरिकेडिंग से बाहर आ गए थे। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को लेकर पुलिस लखनऊ के ईको गार्डन रवाना हो गई। अखिलेश ने कहा कि जब किसान धरने पर बैठ सकते हैं तो मैं क्यों नहीं बैठ सकता। मेरा कन्नौज जाने का कार्यक्रम था। मुझे पुलिस के दम पर वहां नहीं जाने दिया जा रहा है। वहां पर करीब 45 मिनट तक धरना देने के बाद सपा प्रमुख अखिलेश यादव को हिरासत में ले लिया गया। इसके साथ ही अखिलेश यादव ने वहां पर लोकसभा अध्यक्ष को दिया विशेषाधिकार हनन का नोटिस भी दिया है।

पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को धारा 144 का उल्लघंन पर हिरासत में लिया गया। अखिलेश यादव धरना पर बैठे थे, इसके बाद उन्होंने बेरिकैंडिंग से बाहर निकलकर मीडिया को संबोधित किया। वह आगे बढ़े ही थे कि इसी दौरान धक्का-मुक्की में उनके साथ चल रहे पूर्व कैबिनेट मंत्री बलवंत सिंह रामूवालिया सड़क पर ही गिर पड़े। अखिलेश यादव ने इसका बाद उनको सहारा देकर उठाया।

समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव बंदरियाबाग चौराहे पर सड़क के बीच में धरने पर बैठे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने कोरोना वायरस को एक बहाना बनाया है। भाजपा के लिए किसी भी कार्यक्रम को आयोजित करने के लिए कोरोना वायरस कहीं पर भी नहीं है, लेकिन विपक्ष अगर कहीं पर भी कुछ करता है तो सरकार कोरोना का बहाना बना लेती है। अब तो यह सरकार भरपूर तानाशाही कर रही है। हर जगह पर पुलिस के दम पर हमें रोका जा रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार लोकतंत्र का गला घोंट रही है। सरकार किसानों की नहीं सुन रही है। किसान, गरीब, मजदूर सब परेशान हैं।

आंध्र प्रदेश में कौन सी रहस्यमय बीमारी फैल रही नहीं चल सका पता, अब केंद्र भेज रहा चिकित्सा विशेषज्ञों की टीम

नई दिल्ली, पीटीआइ। आंध्र प्रदेश में सामने आई रहस्यमय बीमारी कौन सी है अभी इस बारे में खुलासा नहीं हुआ है। अब केंद्र सरकार की ओर से एक टीम एलुरु शहर में फैल रही इस रहस्यमय बीमारी का पता लगाने के लिए राज्य का दौरा करेगी। मालूम हो कि इस बीमारी से अब तक एक व्यक्ति की मौत हो गई है जबकि करीब 350 लोग बीमार हुए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी बयान में बताया गया है कि टीम मंगलवार को आंध्र प्रदेश पहुंच जाएगी। समाचार एजेंसी पीटीआइ के मुताबिक, केंद्र की ओर से भेजी जा रही इस टीम में एम्स के एसोसिएट प्रोफेसर (आपात चिकित्सा) डॉ. जमशेद नायर, एनआईवी पुणे में विषाणु विज्ञानी डॉ. अविनाश देसोतवार और राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र में उप निदेशक डॉ. संकेत कुलकर्णी शामिल हैं। टीम पूर्वी गोदावरी जिले के एलुरू में लोगों में पैदा हुई अचानक बीमारी सामने आने की घटना की जांच पड़ताल करेगी। टीम संभवतः शाम तक अपनी प्राथमिक रिपोर्ट जमा करेगी। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री जी. किशन रेड्डी ने आंध्र प्रदेश के मुख्य सचिव से बात कर हालात की जानकारी ली और केंद्र सरकार की ओर से हरसंभव मदद का भरोसा दिया। मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने सोमवार को इलुरु का दौरा किया। राज्य के उप मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य मंत्री ए. कृष्ण श्रीनिवास की मानें तो स्थिति नियंत्रण में है। उन्होंने बताया कि लोगों को चक्कर आने तथा मिर्गी जैसे लक्षणों के बाद अस्पताल लाया गया था। चिकित्सा अधिकारियों की मानें तो लोगों के स्वास्थ्य पर नजर रखने के लिए घर-घर सर्वे किया जा रहा है। अभी तक बीमारी का कारण पता नहीं चल सका है। रोगियों की रक्त जांच तथा सीटी स्कैन की रिपोर्ट सामान्य है। सेरेब्रल स्पाइनल फ्लूइड टेस्ट भी सामान्य है। पानी का सैंपल जांच के लिए भेजा गया था जिसके प्रदूषित होने की रिपोर्ट नहीं है। सभी पीड़ितों की कोरोना जांच भी निगेटिव आई है।

संक्षेप समाचार

पंचायत भवन निर्माण रोक पर ग्रामीणों ने हाथ उठा कर किया प्रदर्शन आक्रोश

उतरांव। उतरांव थाना क्षेत्र के कटहरा गांव उप जिलाधिकारी समेत भारी पुलिस बल पहुंच कर शनिवार को पंचायत भवन का निर्माण चालू कराया गया था। जिसमें सोमवार को पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य को रुकवा दिया। वही निर्माण कार्य रोक देने से प्रधान विमला गुप्ता समेत दो दर्जन से ज्यादा ग्रामीण अविनाश एडवोकेट नन्हे भाई लाल राम लखन मुन्ना केवी यादव अशोक मौर्य सरपंच लक्ष्मण विशाल कमला विश्वकर्मा गुटरगू अरुण सतीश यादव महेश पटवारी गब्बर पासी आदि लामबंद होकर निर्माण स्थल पर पहुंचकर हाथ उठाकर प्रदर्शन करते हुए विरोध जताया। ग्रामीणों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी भी की। पंचायत भवन निर्माण में विरोध गांव के ही कुछ दबंग किस्म के लोगो द्वारा किया जा रहा है।उपजिलाधिकारी के आदेश पर थाना अध्यक्ष ने निर्माण कार्य को रुकवा दिया।इस सम्बंध में थाना अध्यक्ष ने बताया कि गांव के ही कुछ लोगो द्वारा अपने फायदे के लिए निर्माण में ब्यवधान पैदा कर रहे हैं।

दो बाइको की भिड़ंत में दो हुए घायल

घूरपुर। घूरपुर थाना के सामने हाईवे पर दो बाइको की भिड़ंत हो गई जिसमें दो घायल हो गए। जिन्हें पास से अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। क्षेत्र के बुदावा गांव निवासी मेवा लाल पटेल (65)सोमवार की दोपहर अपनी मोपेड से घूरपुर जा रहे थे जैसे ही घूरपुर थाना के सामने हाईवे पर पहुंचे कि पीछे से गौहनिया निवासी शशी कुमार भारतीय बाइक से घूरपुर की तरफ जा रहे रहे थे कि ओवरटेक करते समय मोपेड से भिड़ गये। जिससे दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर घायल हो गये। आसपास के लोगो ने दोनों को पास के एक अस्पताल में इलाज के लिए ले गये।

जसरा के पांडर गांव में रविवार रात अधेड़ की हत्या

जसरा। पांडर के नंदकुमार शुक्ल के 55 वर्षीय बड़े बेटे विनोद शुक्ल उर्फ लुल्लू रविवार रात घर के नजदीक गोशाला के निकट बने कमरे में सोए थे। सोमवार सुबह पांच बजे पत्नी आशा शुक्ला चाय लेकर उनके पास गई तो खून से लतपथ देख शोर मचाया। परिजन दौड़कर पहुंचे। उन्हें लगा कि रात में गिर गए होंगे उसी से जख्मी हो गए। अस्पताल ले जाने के लिए वाहन की व्यवस्था करने लगे। इस बीच घर के लोग उनके करीब पहुंचे तो देखा की उनके शरीर पर धारदार हथियार से कई वार किया गया है। कान के पास जिस तरह से खून निकला है उसे देख अंदाजा लगाया जा रहा है कि उन्हें गोली भी मारी गई है। घटना की जानकारी होते ही एस पी यमुनापार आरए सौरभ दीक्षित, सीओ बारा अजीत कुमार रजक और इंस्पेक्टर बारा सुनील सिंह के साथ-साथ घूरपुर और लालापुर थाने की भी पुलिस पहुंच गई। इंस्पेक्टर बारा का कहना है कि अभी परिजन हत्या की वजह नहीं बता पा रहे हैं। शव पोस्टमार्टम के लिए एसआरन भेजा जा रहा है। हत्या की वजह और हत्यारों का पता लगाया जा रहा है।जसरा। पांडर के नंदकुमार शुक्ल के 55 वर्षीय बड़े बेटे विनोद शुक्ल उर्फ लुल्लुर रविवार रात घर के नजदीक गोशाला के निकट बने कमरे में सोए थे। सोमवार सुबह पांच बजे पत्नी आशा शुक्ला चाय लेकर उनके पास गई तो खून से लतपथ देख शोर मचाया। परिजन दौड़कर पहुंचे। उन्हें लगा कि रात में गिर गए होंगे उसी से जख्मी हो गए। अस्पताल ले जाने के लिए वाहन की व्यवस्था करने लगे। इस बीच घर के लोग उनके करीब पहुंचे तो देखा की उनके शरीर पर धारदार हथियार से कई वार किया गया है। कान के पास जिस तरह से खून निकला है उसे देख अंदाजा लगाया जा रहा है कि उन्हें गोली भी मारी गई है। घटना की जानकारी होते ही एस पी यमुनापार आरए दीक्षित, सीओ बारा अजीत कुमार रजक और इंस्पेक्टर बारा सुनील सिंह के साथ-साथ घूरपुर और लालापुर थाने की भी पुलिस पहुंच गई। इंस्पेक्टर बारा का कहना है कि अभी परिजन हत्या की वजह नहीं बता पा रहे हैं। शव पोस्टमार्टम के लिए एसआरन भेजा जा रहा है। हत्या की वजह और हत्यारों का पता लगाया जा रहा है।

मौत के बाद रोते बिलखते परिजन व जुटी लोगों की भीड़

विनोद शुक्ल के घर मचा कोहराम

मृतक विनोद शुक्ल उर्फ लुल्लू के हत्या की जानकारी होते हीघर में कोहराम मच गया है। पत्नी आशा शुक्ला व दो बेटियों का रो रोकर बुरा हाल हो गया है। परिवार व गांव की महिलाएं उसे ढाढ़स बंधाने में लगी हैं।

फोरेंसिक टीम व डाग स्क्वायड ने किया जांच

विनोद शुक्ल की मौत के बाद सुबह पांडर गांव पहुंचे एसपी यमुनापार सौरभ दीक्षित ने तत्काल फोरेंसिक टीम व डाग स्कवायड को सूचना देकर बुलाया। फोरेंसिक टीम ने वहां मौजूद शव और कुछ अन्य की जांच के लिए फिंगर प्रिंट लिए हैं।

बेटे की मौत पर पिता हुए अचेत

बड़े बेटे की हत्या की खबर से आहत पिता नंदकुमार शुक्ल अचेत अपने चारपाई पर पड़े रहे। वह पहले से ही अस्वस्थ चल रहे थे।

सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस व जांच पड़ताल करती फोरेंसिक टीम

विनोद की किसी से नहीं थी दुश्मनी

मृतक विनोद शुक्ल के छोटे भाई प्रमोद शुक्ल उर्फ गुड्डू ने बताया कि हमारा किसी से कोई रंजिश नहीं थी। भैया मिलनसार स्वभाव के थे।

धरना प्रदर्शन के दौरान निधि यादव समेत दर्जनों सपाई गिरफ्तार

प्रदर्शन कर रहे सपाईयों को गिरफ्तार कर ले जाती पुलिस

हंड़िया। समाजवादी पार्टी के मुखियापूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आवाहन पर सोमवार को हंडिया तहसील के विकासखंड धनूपुर में बंदीपट्टी चौराहे पर दर्जनों की संख्या में इकट्ठा होकर सपाइयों ने किसानों के समर्थन में धरना प्रदर्शन शुरू किया। बंदी पट्टी चौराहे पर जैसे ही रैली की शक्ल में सरकार विरोधी नारे लगाते हुए आगे बढ़े। मौके पर ही पुलिस प्रशासन ने उनको रोक लिया। सपाई नारेबाजी करते हुए आगे बढ़ने लगे। जिस को देखते हुए पुलिस प्रशासन सभी सपाइयों को गिरफ्तार कर वाहन में भरकर उठा ले गई। धरना प्रदर्शन का नेतृत्व पूर्व सपा प्रत्याशी हंडिया निधि यादव कर रहे थे। आयोजन विधानसभा अध्यक्ष विजय लाल यादव ने किया जैसे ही सपाइयों का काफिला आगे बढ़ा। पुलिस प्रशासन सभी को गिरफ्तार कर लिया और उठा ले गई। मौके पर एसपी गंगापार धवल जायसवाल भी पहुंच गए। पर चारों तरफ से पुलिस प्रशासन ने सपाइयों को घेर रखा था। पुलिस प्रशासन ने निधि यादव, प्रभाकर यादव, मनोज यादव, मुलायम यादव, अमित कुमार यादव, शिव शंकर यादव, बंटी तिवारी, रमेश चंद यादव, वीरेंद्र कुमार पाल, विधानसभा अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग पटेल शेर बहादुर, बसंत लाल यादव, धर्मेंद्र कुमार यादव, रामनाथ, शालिकराम प्रसाद यादव, सभाजीत यादव, राजकुमार समेत दर्जनों सपाइयों को गिरफ्तार कर लिया।

बंदी को लेकर प्रशासन चाक चौबंद दिखी

करछना। किसान आदोलन को लेकर मगलवार को किसानो के देश व्यापी बद के आह्वाहन पर करछना मे प्रशासन पूरी तरह से् चाक चौबद दिखाई पड रहा है।चौराहो और हर भीड भाड वाली जगहो पर पुलिस की तैनाती एतिहातन की गई है जिससे किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न होने पाये और लोगो को बद के कारण कोई दिक्कत न हो साथ ही कानून व्यवस्था को कोई हाथ मे न लेने पाये जिसके लिए पुलिस और प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद

एसबीआई मे कैस की कमी लोग हुए हलाकान

करछना। इन दिनो चल रहे शादी विवाह के आयोजनो मे लोगो को पैसे की जरूरत है ऐसे मे बैक मे पैसे का टोटा बरकरार होने से उपभोक्ताओ को परेशान होना पड रहा है, सोमवार को स्टेट बैक करछना मे कैस की कमी के चलते लोगो को मायूस होकर लौटना पडा।दोपहर बाद कैस आने के बाद कुछ ही लोगो को पैसा मिल सका अन्य ग्राहको को मायूस होकर लौटना पडा जिससे लोगो मे गहरी नाराजगी देखी गई आयेदिन जहा सर्वर की खराबी से लोगो को परेशानी उठानी पडती है वही अब कैस की कमी से लोगो को दो चार होना पडा रहा है जिसको लेकर उपभोक्ताओ मे बैकिग व्यवस्था को लेकर गहरी नाराजगी व्याप्त है।

घर का जेवर एवं मासूम बच्ची को लेकर विवाहिता प्रेमी संग फरार

मऊआइमा। एक विवाहिता अपने घर का सारा जेवर नगदी और मासूम बच्ची को लेकर प्रेमी के साथ फरार हो गई। ससुर ने थाने में बहू के प्रेमी के खिलाफ तहरीर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने मऊआइमा थाने में यह तहरीर दी है कि उसका पुत्र दुबई में रोजी रोटी के सिलसिले में रहता है। उसकी बहू दो बच्चों के साथ घर पर रहती है। ससुर का आरोप है कि बहू का गांव के एक विवाहित युवक से नाजायज सम्बंध बना ली। आरोप है कि बहू को गांव के उसी युवक के साथ कुछ दिन पूर्व रंगे हाथ पकड़ लिया गया था। माफी मांगने के बाद माफ कर दिया गया। आरोप है कि उसकी बहू उसी युवक के साथ घर का सारा जेवर और पांच हजार नगदी तथा तीन साल की मासूम बच्ची को लेकर फरार हो गई। पहले तो उसे तलाशा किया गया जब नहीं मिली तो लोकलाज के डर से चुप रहे। लोगों के कहने और किसी अन्होनी के भय से ससुर ने मऊआइमा थाने में नामजद बहू के प्रेमी के खिलाफ तहरीर दी है । पुलिस तहरीर लेकर मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

घर के बरामदे में खड़ी बाइक चोरी मुकदमा दर्ज

मऊआइमा। घर के बरामदे में खडी बाइक अज्ञात चोर उडा ले गए। थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम हटिया घीनपुर निवासी चन्द्र मणि दुबे पुत्र श्याम लाल अपनी बाइक घर के बरामदे खडी किए हुए थे। जिसे अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। चन्द्र मणि दुबे ने मऊआइमा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है । पुलिस मुकदमा दर्ज कर चोरों का पता लगाने में जुटी हुई है ।

यमुना नदी में अवैध खनन की शिकायत की हुई जांच

अवैध खनन की शिकायत पर जांच करने पहुंचे उपजिलाधिकारी बारा व खनन विभाग की टीम

लालापुर। क्षेत्र के यमुना घाटों पर खनन का पट्टा ईटेंडरिंग के बाद स्वीकृत किया गया है।जिसमें कुछ घाटों पर खनन भी शुरू हो गया है। ग्रामीणों की शिकायत पर सोमवार को उपजिलाधिकारी बारा व खनन विभाग की टीम ने पहुंच कर पट्टा क्षेत्र में खनन की जांच किया।

लालापुर थाना क्षेत्र के भिलोर, सेमरी, नौढ़िया तरहार, भंभौर आदि घाटों का पट्टा दिया गया है।जिसमें नौढ़िया तरहार के यमुना घाट पर सूखी रेत का खनन शुरू हो गया है। ग्रामीण आनंद उर्फ बबलू मिश्र ने उपजिलाधिकारी बारा व ज़िलाधिकारी, मंडलायुक्त को शिकायती पत्र देकर शिकायत किया था की नौढ़िया तरहार के पट्टेधारक द्वारा सेमरी तरहार के पट्टा क्षेत्र में खनन किया जा रहा है।जिसकी जांच करने सोमवार को उपजिलाधिकारी बारा सुभाष चंद्र व खनन सर्वेयर योगेश शुक्ल भी टीम के साथ नाव द्वारा नौढ़िया तरहार के पट्टा क्षेत्र में पहुंचे।जांच टीम ने दोनो पट्टा क्षेत्र की सीमा का सीमांकन किया। उपजिलाधिकारी बारा सुभास चंद्र ने बताया की शिकायतकर्ता के शिकायती पत्र के आधार पर खनन विभाग की टीम बुलाकर सीमांकन किया गया। जिसमें पाया गया की नौढ़िया तरहार के पट्टेधारक द्वारा अपने ही सीमाक्षेत्र में खनन किया जा रहा है। जांच रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंपी जाएगी। अधिकारियों के यमुना घाट पर पहुँचने से क्षेत्र में हड़कंप मचा रहा।

किसानों पर बनाए नए कानून के खिलाफ रैली निकाल नारेबाजी करते सपाई

किसानों पर बनाए नए कानून के खिलाफ सपाईयों ने निकाली रैली की नारेबाजी

घूरपुर। घूरपुर में सोमवार के दिन सपाईयों ने किसानों के लिए बनाए गए नए तीन कानून के खिलाफ रैली निकाल सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध जताया।और नये कानून को रद्द करने की मांग की। सोमवार के दिन घूरपुर में भारी संख्या में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओ ने ने हाथों में सपा का झंडा बैनर लेकर एकत्रित होकर ट्रैक्टरों पर सवार होकर किसानों के लिए बनाए गये तीनो कानून के खिलाफ सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए रैली निकाल लोगो को बनाए गए कानून की किसान विरुद्ध बताया और सरकार को किसान विरोधी बताया नए कानून को खत्म करने की मांग को बुलंद किया।

दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत, परिजनो में कोहराम

घूरपुर। घूरपुर इलाके में मार्ग दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई।मौत की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा। क्षेत्र के सेमरा कल्बना गांव निवासी टुन्नु बाबू विश्वकर्मा (40)पुत्र राम कृपाल विश्वकर्मा तीन दिन पूर्व शाम को गांव के सामने हाईवे पर सड़क पार कर रहा था कि अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने इलाज के लिए एसआरएन में भर्ती कराया। रविवार को शाम हालत गंभीर होने पर परिजन लखनऊ पीजीआई इलाज के लिए ले जा रहे थे कि रास्ते में ही युवक की मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। पत्नी श्यामा देवी व दो बेटे आलोक व अन्नू व बेटी जयश्री का रो रोकर बुरा हाल हो गया। सोमवार की सुबह परिजन शव को थाने लेकर पहुंचे।जहां पर पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया।

थाना प्रभारी के नेतृत्व में अपराध व अपराधियों की रोकथाम के लिए चलाया गया अभियान

चेकिंग अभियान चलाते हुए

सिरसा। थाना मेजा क्षेत्र मे अपराध व अपराधियों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत डीआईजी/एसएसपी प्रयागराज सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी मेजा भीम कुमार गौतम के पर्यवेक्षण मे थाना प्रभारी मेजा सुनील कुमार बाजपेई ने क्षेत्र मे बढ़ती चोरी, छिनैती, लूट जैसी अपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वालों के खिलाफ थाना प्रभारी मेजा सुनील कुमार बाजपेई के नेतृत्व मे मेजारोड बाजार के पटेल नगर चौराहा पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। सघन चेकिंग अभियान मे दोपहिया, चार पहिया वाहनों की सघन तलाशी ली गई और बगैर मास्क के घूम रहे लोगों को हिदायत देकर मास्क लगाने के लिए जागरूक किया गया।

चेकिंग अभियान के दौरान अफरा तफरी का माहौल बना रहा। जिससे लोगो मे तरह-तरह का चर्चा का विषय बना है।चेकिंग अभियान के समय चौकी प्रभारी मेजारोड प्रीत कुमार पांडेय, दरोगा रवि कुमार शर्मा, कांस्टेबल जय सिंह, कांस्टेबल सुधीर यादव, कांस्टेबल सुरेश यादव, कांस्टेबल अरविंद चौबे सहित कई पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

संक्षेप समाचार

काग्रेंसियों ने सरकार पर निकाली भड़ास

करछना। सोमवार ब्लाक कांग्रेस कमेटी करछना कार्यालय पर कांग्रेसियों की बैठक के दौरान भाजपा सरकार को कोसते हुए कांग्रेसियों ने जमकर भड़ास निकाली।बैठक की अध्यक्षता कर रहे ब्लाक अध्यक्ष डॉ. दिनेश कुमार सोनी ने कहा कि समय आ गया है कि सभी किसान एकजुट होकर सरकार की मनमानी को उसका अंजाम दे।इन दिनों धरती का भगवान कहे जाने वाले अन्नदाता किसानों का जीवन गहरे संकट से गुजर रहा है।अपने उत्पादों को नियूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी को लेकर किसान सड़को पर पुलिस की बर्बरता भी झेलने को विवश है।ऐसे में किसानों का मसीहा बनने की दावा करने वाली सरकारों को समय आने पर कोप भाजन बनना पड़ेगा।वरिष्ठ कांग्रेस नेता रंगराज सिंह ने कहा कि उद्धोग पतियों को लाभ पहुचाने वाली सरकार कितनी किसान हितैषी है यह बात देश की जनता जान गई है। इस मौके पर कई काग्रेसी मौजूद रहे।

मु0वि0 अधिकारी ने किसान क्रेडिट कार्ड से सम्बंधित लम्बित प्रकरणों को शीघ्रता से निस्तारित करने के दिए निर्देश

पी0एम0 किसान योजना के समस्त लाभार्थियों को किसान क्रेडिट कार्ड से आच्छादित करने के दिए निर्देश

अधिकारियों संग समीक्षा बैठक करते मुख्य विकास अधिकारी

प्रयागराज। मुख्य विकास अधिकारी आशीष कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को संगम सभागार में किसान क्रेडिट कार्ड की प्रगति के सम्बंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने बैंको के प्रतिनिधियों एवं अन्य सम्बंधित अधिकारियों को किसानों के क्रेडिट कार्ड से सम्बंधित लम्बित प्रकरणों को शीघ्रता से निस्तारित करने के निर्देश दिये है। उन्होंने नवम्बर माह में बैंको में लम्बित प्रकरणों के निस्तारण की प्रगति धीमी पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उसके निस्तारण में तत्काल शीघ्रता लाये जाने का निर्देश दिये है। मुख्य विकास अधिकारी ने पीएम किसान योजना के समस्त लाभार्थी किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा उपलब्ध कराये जाने हेतु अभियान चलाये जाने के निर्देश दिये है। पीएम किसान योजना के लाभार्थियों को किसान क्रेडिट कार्ड हेतु ऑनलाइन आवेदन करने तथा उसके निस्तारण की प्रगति के अनुश्रवण हेतु कृषि विभाग के पारदर्शी किसान सेवा पोर्टल upagriculture.com पर अप्लीकेशन साफ्टवेयर विकसित कराया गया है, जिस पर किसानों के आवेदन पत्र प्राप्त करने तथा उनके प्रगति के अनुश्रवण की प्रक्रिया निर्धारित की गयी है। उन्होंने किसानों के कल्याण के लिए किसान क्रेडिट कार्ड(के0सी0सी0) जारी करने हेतु स्थापित आनलाइन आवेदन की सरल प्रक्रिया का अनुपालन करते हुए पीएम किसान सम्मान निधि योजना के समस्त लाभार्थियों को यथाशीघ्र किसान क्रेडिट कार्ड(के0सी0सी0) से आच्छादित किये जाने के लिए कहा है। बैठक में उप निदेशक कृषि श्री विनोद कुमार के अलावा बैंको के प्रतिनिधिगण तथा अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

बेतरतीब खड़े वाहनो से दिन भर जाम के झाम में फंसे रहे राहगीर

घूरपुर। घूरपुर के इरादतगंज स्थित हाइवे पर धर्मकांटे पर कांटा करने के लिए सैकड़ो ट्रकों के चलते सोमवार को पूरे दिन जाम लगा रहा। इस बीच वाहनों व राहगीरों को जाम में फंसकर पूरे दिन फजीहतों का सामना करना पड़ा। घूरपुर के इरादतगंज बाजार में हाइवे किनारे स्थित धर्मकांटे पर रविवार की रात में सैकड़ो वाहन कांटा कराने के लिए हाइवे पर बेतरतीब तरीके से खड़े हो गए ।जिससे पूरे दिन घूरपुर से लेकर इरादतगंज तक वाहनों की लंबी लाइन लगी रही ।पूरे दिन पुलिस को जाम छुड़ाने में भारी मसक्कत का सामना करना पड़ा ।वाहनों को इधर उधर के लिंक मार्गो से भी निकलने की मजबूरी बानी रही।

मजदूर संगठनों ने भी किया भारत बंद का समर्थन

मशाल जुलूस निकालकर भारत बंद का आह्वान करते मजदूर

इफको ठेका मजदूर संघ ने कहा किसानों की लड़ाई मिलकर लड़ेंगे

फूलपुर। इफको ठेका मजदूर संघ व अखिल भारतीय किसान महासभा ने भारत बंद के समर्थन में सोमवार को इफको गेट से फूलपुर तक मसाल जुलूस निकाला। यूनियन के मंत्री कामरेड देवानंद ने कहा कि किसानों का आन्दोलन पूर्णतः सही है। सरकार जब तक किसान बिल वापस नहीं लेती है तबतक किसान पीछे हटने वाले नहीं है। उन्होंने कहा कि किसानों के इस संघर्ष को ठेका मजदूर संघ धार देने का कार्य करेगा। कार्यक्रम में रामचंद्र, राजनाथ, जय प्रकाश त्रिलोकी नाथ, अमर सिंह मनोज कुमार, प्रदीप सहित अन्य मजदूर नेता मौजूद रहे।

विकास खण्ड के चालक के सेवानिवृत्त होने पर भव्यता से हुई विदाई

विदाई समारोह में उपस्थित लोग

नवाबगंज। विकास खण्ड कौड़िहार में कार्यरत चालक दीप नारायण शुक्ला ने अपनी पूरी सरकारी सेवा विकास खण्ड कौड़िहार में लगन व निष्ठापूर्वक अपनी नौकरी का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन किया। विकास खण्ड परिसर में विदाई समारोह में खण्ड विकास अधिकारी विकास शुक्ला ने उनके योगदान का जिक्र करते हुये कहा कि श्री शुक्ल की कार्यशैली अत्यंत सराहनीय रही है उन्होंने उनको माला व अंगवस्त्र भेंट कर उनका अभिनन्द किया। इस अवसर पर प्रभारी एडीओ पंचायत अनिल पाल, एडीओ कोऑपरेटिव, पीआरडी ब्लाक कमांडर जय प्रकाश पांडेय, रोजगार सेवक सुनील तिवारी, दिलीप मौर्य आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

रेलवे सुरक्षा बल महिला प्रशिक्षुओं के दीक्षांत परेड का आयोजन

अपर महानिदेशक, रेलवे सुरक्षा बल डा० अनूप श्रीवास्तव ने किया परेड का निरीक्षण और जताई महिला यात्रियों के लिए अधिक सुरक्षित यात्रा वातावरण की आशा

प्रयागराज। सोमवार को अपर महानिदेशक, रेलवे सुरक्षा बल डा० अनूप श्रीवास्तव की गरिमामयी उपस्थिति में उत्तर मध्य रेलवे के सूबेदारगंज प्रयागराज स्थित क्षेत्रीय रेलवे सुरक्षा बल प्रशिक्षण केंद्र के दुसरे बैच और महिला प्रशिक्षुओं के पहले बैच की दीक्षांत परेड का आयोजन हुआ। इस अवसर पर उत्तर मध्य रेलवे की 19, मध्य रेलवे की 59, उत्तर रेलवे की 97, पूर्वोत्तर रेलवे की 02, उत्तर पश्चिम रेलवे की 22, पश्चिम रेलवे की 47 और पश्चिम मध्य रेलवे की 03 महिला आरक्षी प्रशिक्षुओं सहित कुल 248 महिला प्रशिक्षुओं ने अपने 9 माह के कठिन प्रशिक्षण को पूरा किया और दीक्षांत परेड में हिस्सा लेकर औपचारिक रूप से रेलवे सुरक्षा बल का अंग बनी।

इस अवसर पर अपर महानिदेशक, रेलवे सुरक्षा बल डा० अनूप श्रीवास्तव ने महिला प्रशिक्षुओं की परेड का निरीक्षण किया और सलामी ली । इस अवसर पर प्रशिक्षुओं को शपथ भी ग्रहण कराई गई। परेड की कमांडर प्रशिक्षु नीता ओला थी और उनके नेतृत्व में प्रशिक्षुओं की 08 प्लाटूनो (प्लाटून 1 कमांडर झ प्रशिक्षु मोहिनी यादव, प्लाटून 2 कमांडर- प्रशिक्षु सोनिया, प्लाटून 3 कमांडर- प्रशिक्षु खुशबू, प्लाटून 4 कमांडर- प्रशिक्षु सुमन कुंतल, प्लाटून 5 कमांडर- प्रशिक्षु के निर्मला, प्लाटून 6 कमांडर- प्रशिक्षु मधु कुमारी, प्लाटून 7 कमांडर- प्रशिक्षु सीमा बंदेवार, प्लाटून 8 कमांडर प्रशिक्षु चिनू नागर) ने परेड में सहभागिता की। इस अवसर पर अपर महानिदेशक द्वारा प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रशिक्षुओं निर्मला, संगीता नटवरिया, प्रियंका राणा एवं अनीता ओला को सम्मानित भी किया।

दीक्षांत परेड में शामिल महिला प्रशिक्षु

इस अवसर पर अपर महानिदेशक ने अपने संबोधन में प्रशिक्षुओं को बधाई और साथ ही क्षेत्रीय रेलवे सुरक्षा बल प्रशिक्षण केंद्र के अधिकारियों और प्रशिक्षकों को भी कोविड काल के दौरान पुरा किये गए इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए बधाई दी। उन्होने आशा व्यक्त की कि, इन महिला प्रशिक्षुओं के रेल सेवा मे जुड़ने से महिला सुरक्षा को बल मिलेगा और हमारी महिला यात्रियों को अधिक सुरक्षित यात्रा वातावरण मिल सकेगा। डॉ श्रीवास्तव ने सभी प्रशिक्षुओं को उनके अग्रिम सेवा काल के लिए शुभकामनाएं दी और उनको निष्ठापूर्वक अपनी जिम्मेदारियों के निर्वहन के लिए प्रेरित किया।

इस दीक्षांत कार्यक्रम में प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त उत्तर मध्य रेलवे रवींद्र वर्मा, मंडल रेल प्रबंधक प्रयागराज मोहित चंद्रा , उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय से प्रमुख विभागाध्यक्ष एवं जोनल प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य संजय पीसे एवं अन्य अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन निरीक्षक सुश्री सुरुचि शर्मा एवं निरीक्षक अनिल दूबे ने किया।

भारत रत्न डॉ. भीम राव अम्बेडकर का 65वां महापरिनिर्वाण दिवस का आयोजन

प्रयागराज। भीमराव रामजी अंबेडकर (14 अप्रैल 1891 - 6 दिसंबर 1956), जिन्हें बाबा साहेब अंबेडकर के नाम से जाना जाता है, एक विपुल छात्र, प्रख्यात न्यायविद, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे, जिन्होंने सामाजिक भेदभाव के खिलाफ आंदोलन को प्रेरित किया और सामाजिक समानता के लिए व्यापक अभियान चलाया। वह स्वतंत्र भारत के पहले कानून और न्याय मंत्री और भारत के संविधान के मुख्य वास्तुकार थे। सन 1990 में डॉ० भीमराव अंबेडकर को मरणोपरांत, भारत के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार भारत रत्न से सम्मानित किया गया। डॉ० भीमराव अंबेडकर संविधान के महान वास्तुकार थे जिन्होंने समानता और न्याय के सिद्धांतों के आधार पर समाज और शासन व्यवस्था लागू करने के लिए अभूतपूर्व प्रयास किए

डॉ भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन करते हुए

और इस महापुरुष की पुण्यतिथि को हर साल देश भर में महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाया जाता है।

सोमवार को 11.30 बजे उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय के अरावली सभाकक्ष में भारत रत्न डॉ. भीम राव अम्बेडकर का 65वां महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर रंजन यादव अपर महाप्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे, ने बाबा साहेब डॉ. भीम राव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर बाबा साहब को श्रृद्धांजली अर्पित की। तत्पश्चात अखिल भारतीय अनुसूचित जाति/जन जाति के जोनल सचिव लालसा राम, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक नवीन कुमार सिन्हा, प्रमुख मुख्य बिजली इंजीनियर, सतीश कोठारी, प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी पी०डी०मिश्रा, प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ० आनंद टंडन एवं उपस्थित सभी विभागाध्यक्ष, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रृद्धासुमन अर्पित किये। कार्यक्रम का संचालन अवधेश कुमार मुख्य कार्मिक अधिकारी(आई० आर०) उत्तर मध्य रेलवे द्वारा किया गया।

मासूम बच्ची बरामद, पुलिस ने परिजनों को सौंपा

नैनी। कोतवाली क्षेत्र के जेल रोड पुलिस चौकी के सामीप सोमवार को एक लगभग ढाई वर्षीय अज्ञात बच्ची बरामद होने पर लोगों ने उसे पुलिस को सौंप दिया। जानकारी के मुताबिक नैनी कोतवाली क्षेत्र के जेल रोड पुलिस चौकी के समीप बेथनी कॉन्वेंट स्कूल के निकट सोमवार शाम को एक लगभग ढाई वर्ष एक लड़की सड़क के किनारे रो रही थी। जिससे राहगीरों व स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। लोगों ने उससे काफी पूछताछ की, लेकिन वह अपना नाम नही बता सकी। जिस पर पूरा फतेह मोहम्मद के रहने वाले अश्वनी कुमार शुक्ला ने 112 नंबर पुलिस को सूचना दे दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और उस बच्ची को अपने साथ लेकर नैनी कोतवाली चले आए। पुलिस ने महज कुछ ही घंटों में लापता बच्ची के परिजनों को पता लगाते हुए उक्त मासूम को सुरक्षित सौंप दिए।

सहज जनसेवा केंद्र में चोरों ने लगाई सेंध नकदी समेत लाखों का सामान किया पार

फूलपुर। फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत बाबूगंज बाजार में सहज जनसेवा केंद्र में सेंध लगाकर घुसे चोरो ने नकदी सहित कई लैपटॉप चार्जर आदि उठा ले गए। सुबह जानकारी हुई तो भुक्तभोगी के होश उड़ गए। भुक्तभोगी ने अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की है। फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के इफको पुलिस चौकी अंतर्गत चकमाली गांव के सामने कनेहटी गांव निवासी अविनाश कुमार पटेल सहज जनसेवा केंद्र सहित यूनियन बैंक की फ्रैंचाइजी भी चलाता है। रोज की भांति अविनाश शाम को दुकान बंद कर घर चला गया। सोमवार सुबह जब मकान मालिक ने देखा की दुकान के पीछे चोरों ने सेंध काटकर चोरी कर ली है तो दुकानदार को सूचना दिया सूचना मिलते ही उसके होश उड़ गए। घटनास्थल पर पहुंचा जहां पर उसने दुकान खोला तो देखा कि उसके दुकान में अज्ञात चोरों ने पीछे से सेंध लगाकर नकदी समेत लाखों का माल पार कर दिया। भुक्तभोगी ने बताया कि दुकान के पीछे सेंध लगाकर घुसे चोरों ने दराज से 15 हजार नकद, छह लैपटॉप, चार्जर, एक इन्वर्टर सहित दो लाख से ऊपर का सामान पार कर दिया। भुक्तभोगी ने अज्ञात चोरों के खिलाफ फूलपुर कोतवाली में तहरीर देते हुए कर्रवाई की मांग की है।

चोरों द्वारा की गयी सेंधमारी का दृश्य

प्रतिदिन की तरह ही खुलेगी प्रतिष्ठानें

नैनी। मंगलवार को भारत बंद आवाहन को देखते हुए नैनी कोतवाली परिसर में सोमवार को पुलिस और व्यापारियों के बीच एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें उप जिलाधिकारी करछना विनोद कुमार पांडेय, सीओ सोमेंद्र मीणा, नैनी इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार सिंह व एसएसआई राम आशीष यादव समेत अन्य दारोगा मौजूद रहे। आला अफसरों व व्यापारियों के बीच आयोजित संगोष्ठी के दौरान मंगलवार को भारत बंद को देखते हुए गहन मंथन किया गया और व्यापारियों को आला अफसरों के द्वारा आश्वासन दिया गया कि वह प्रतिदिन की तरह अपने अपने प्रतिष्ठानों को समय से खोलेंगे, यदि कोई उन लोगों के दुकानों को जबरन बंद कराते हैं तो सभी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जबकि सुरक्षा को देखते हुए नैनी पुलिस के जवान चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेंगे। मौजूद व्यापारियों में राकेश जायसवाल, डॉक्टर ए एम सिद्दकी, घनश्याम जायसवाल, नरसिंह, नयन कुमार कुशवाहा, गुड्डू आदि लोग मौजूद रहे।

भारत बंद आवाह्न को देखते हुए फ्लैग मार्च करती पुलिस

अखण्ड भारत संदेश के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान सस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

मुद्रक/प्रकाशक

स्वामी श्री योगी सत्यम

पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025

किसानों के समर्थन में सपाइयों ने निकाला प्रदर्शन, पुलिस ने लिया हिरासत में

सराय ममरेज थाना क्षेत्र से लगभग सैकड़ो कार्यकर्ताओ को भी लाया गया होलागढ़

होलागढ़ । समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ सपा नेता अशोक यादव के नेतृत्व में दर्जनों होलागढ़ के कार्यकर्त्ता सोमवार को सपा कार्यकताओं ने तीनों कृषि विधेयक के विरोध में प्रदर्शन किया तथा दिल्ली में प्रदर्शन कर रहे किसानों के विरोध प्रदर्शन का समर्थन किया। सपा कार्यकताओं का विरोध प्रदर्शन कर रहे थे, तभी होलागढ़ पुलिस एसआई रविन्द्र नाथ यादव सहित पुलिसकर्मी ने सपा कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले आकर थाने लाया गया । दोपहर में सराय ममरेज थाना क्षेत्र के निधि यादव पूर्व विधान सभा प्रत्याशी हंडिया सहित सैकड़ो सपा कार्यकर्ताओ को होलागढ़ थाना लाया गया । जिसमे कार्यकर्ताओ ने जमकर प्रदर्शन किया गया । निधि यादव ने सूबे के सरकार को निशाना बनाते हुए कहा कि किसानो को हम लोग पदयात्रा के माध्यम से जागरूकता का कार्य किया जा रहा था । और कहा कि सपाइयो से सरकार भयभीत है और इसीलिए हमलोगो को जबरजस्ती पुलिस गाड़ी में भरकर थाने उठा लाई । और सूबे की सरकार पर काला और अँधा कानून बनाने की बात कही और कहा कि सरकार किसानो के साथ छल कर रही है । और कहा कि इस वक्त अगर कोई किसान क्रय केंद्र पर जाता है तो उसे कम दामो में बेचने को मजबूर है। क्यों की बिचौलिया ही कम दामो में लेकर क्रय केन्द्रो पर बेच देते है। और मैं सरकार की निंदा करती हू। और हम सपा कार्यकर्ता जहा थे सराय ममरेज में वहा छावनी में तब्दील कर दिया गया था । और अशोक यादव वरिष्ठ सपा नेता ने कहा कि यह बिल किसान के लिए बहुत ही नुकसान दे होगा तथा किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य भी नहीं मिल पाएगा। इस मौके पर निधि यादव पूर्व विधानसभा प्रत्याशी हंडिया, अशोक यादव वरिष्ठ सपा नेता, अनिल यादव उर्फ विधायक, राजेन्द्र प्रसाद यादव, राजेन्द्र यादव, राजेश यादव, अमर जीत यादव, अमर चंद्र यादव, सदा शिव यादव, राजू यादव, विराज अहमद, मुलायम यादव, प्रभाकर यादव, सालिक राम, वीरेंद्र

होलागढ़ में प्रदर्शन करते सपाई

संक्षेप समाचार

चार आरोपियों पर छेड़छाड़ तथा मारपीट का मुकदमा

प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ पीड़िता के साथ छेड़छाड़ तथा अश्लील हरकत व घर में घुसकर मारपीट का केस दर्ज किया है। कोतवाली के मिसिरमऊ के सुरेश वर्मा की पत्नी गीता देवी ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती उन्तीस नवंबर को वह घर पर थी। इस बीच शाम छह बजे गांव के भोलानाथ तथा जगन्नाथ व सुभाष एक राय होकर आ धमके। आरोपियों ने घर में घुसकर मारपीट करते हुए पीड़िता के साथ छेडछाड़ की। पति व ननद ने विरोध जताया तो आरोपियों ने उन्हे भी लाठी डंडे से मारपीट कर चुटहिल कर दिया। शोर मचाने पर आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी सुभाष समेत चार के खिलाफ गम्भीर धाराओं में शनिवार की रात केस दर्ज किया है।

इ.अवनीश सिंह के जीत पर शिक्षकों मे हर्ष

प्रतापगढ़। लखनऊ खंड के भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी शिक्षक एमएलसी उमेश द्विवेदी एवं स्नातक एमएलसी के उम्मीदवार इंजीनियर अवनीश कुमार सिंह की जीत पर रामपुर संग्रामगढ़ मंडल के कार्यकताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाया। इस अवसर पर विधानसभा शिक्षक प्रभारी सुरेश कुमार सिंह ,भाजपा स्नातक प्रभारी रामपुर विकास खंड कमलेश गिरि, मंडल अध्यक्ष रोहित सिंह, रमेश प्रताप सिंह, शिवाकांत त्रिपाठी चंद्र शेखर पांडेय, प्रवेश वर्मा, शिव शंकर मिश्रा, धीरेंद्र मिश्रा, कुलदीप सिंह ,राममिलन, राजकुमार सिंह ,चंद्रशेखर सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

स्कार्पियो की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रुप से घायल

प्रतापगढ़ । तेज रफ्तार आ रही स्कार्पियो की टक्कर से दो युवक गंभीर रुप से चोटिल । प्राप्त जानकारी के अनुसार लालगंज कोतवाली क्षेत्र के हन्डौर शेखपुर के रहने वाले तौफीक 20 पुत्र हारुन व शोएब शाह 18 पुत्र रियाज शाह स्थानीय बाजार सगरासुन्दरपुर से घर लौट रहा था कि अचानक पीछे से आई तेज रफ्तार से आ रही स्कार्पियो ने उन्हे जोरदार टक्कर मार दिया जिससे दोनों गंभीर रुप से घायल हो गए मौके पर पहुंची लालगंज पुलिस व स्थानीय लोगों ने गंभीर रुप से घायल दोनों युवकों को चिकित्सा हेतु अस्पताल लालगंज सीएचसी भेजवाया जहां से उन्हे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया ।

किसान यात्रा निकाल रहे सपाइयों की पुलिस से झड़प

दर्जनों सपा कार्यकर्ताओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर पुलिस लाइन भेजा

सपाईयो द्वारा किसान आंदोलन कर रहे सपा नेताओं को चरवा थना व पिपरी थाना की पुलिस गिरफ्तार करती

धरना प्रदर्शन के दौरान सपा कार्यकर्ता

कौशाम्बी। किसान आंदोलन को समर्थन देने और सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे समाजवादी पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं को चरवा थाना व पिपरी थाना में सोमवार को बड़ी संख्या में गिरफ्तार किया गया है। चरवा थाना व पिपरी थाना क्षेत्र में किसान यात्रा निकाल रहे चंद्रबली सिंह पटेल समेत करीब 50 कार्यकताओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। हंगामे और झड़प के बीच पुलिस सपाइयों को पुलिस लाइन ले गई।सपा के पूर्व प्रत्यासी चंद्रबली पटेल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता दोपहर को धरना प्रदर्शन करने जा रहे थे जिस पर चरवा भरवारी रोड पर तैनात पुलिस ने सपा कार्यकताओं को रोकने का प्रयास किया। इसे लेकर सपा कार्यकर्ताओ और सीओ चायल श्यामकांत में झड़प शुरू हो गई। जिसे लेकर सीओ ने पिपरी , पुरामुफ्ती चरवा थाना पुलिस फोर्स के साथ सभी सपा कार्यकताओं को गिरफ्तार कर पुलिस लाइन भेज दिया।

किसान आंदोलन में समाजवादी नेता हुए गिरफ्तार

भरवारी कौशाम्बी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर आज पूरे जिले में सफाई आक्रोशित है और धरना प्रदर्शन कर उन्होंने भाजपा सरकार की नीतियों पर जमकर कुठाराघात किया है इसी क्रम में भरवारी कस्बे में भी सपा नेताओं ने भाजपा सरकार की नीतियों पर जमकर कुठाराघात किया है सपा नेताओं ने कहा कि किसानों पर भाजपा सरकार जुल्मी ज्यादती कर रही है सपा नेताओं ने कहा कि भाजपा सरकार की किसानों पर जुल्म ज्यादती बर्दाश्त नहीं की जाएगी और भाजपा सरकार को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।

गिरफ्तार सपा नेता

सपा के चायल विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी चन्द्रबली पटेल ,विधानसभा अध्यक्ष वीर सिंह यादव,संतोष केशरवानी जिलाध्यक्ष व्यापार सभा ,गुलाम हुसैन पूर्व जिला महासचिव कैलास केशरवानी सुभाष पटेल जिला उपाध्यक्ष के नेतृत्व में किसान यात्रा चरवा चौराहे से प्रारम्भ होकर धमसेड़ा समसपुर पिपरी होकर सिरसी पहुची जहां पुलिस ने सभी समाजवादी नेताओ को बलपूर्वक गिरफ्तार कर लिया किसान विरोधी कानून के बिरोध में किये जा रहे इस आंदोलन में एडवोकेट सत्यवेन्द्र यादव आजाद, विजय प्रजापति मजदूर सभा जिलाध्यक्ष, सचिन यादव, अजीत यादव, राज यादव, अखिलेश यादव,हिमांशु यादव, नरेंद्र पटेल, महेंद्र पटेल, चिरौजी लाल पटेल, रामनरेश पटेल, कल्लू यादव जिला कार्यकरिणी सदस्य, अनिल यादव, बृजेश बौद्ध, अमित दिवाकर, अजय यादव सरदार,पिंटू पटेल,प्रदीप पटेल, रंजीत पटेल, समेत सैकड़ो लोगो ने ट्रैक्टर चलाकर किसान आंदोलन का समर्थन किया।

किसानों के समर्थन में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों ने दी गिरफ्तारी

अझुवा कौशाम्बी समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव द्वारा किसान हित को लेकर आंदोलन की घोषणा के बाद समाजवादी पार्टी नेताओं ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बड़े स्तर पर धरना प्रदर्शन और गिरफ्तारी दी है इसी क्रम में सिराथू तहसील क्षेत्र के अझुवा पुलिस चौकी इंचार्ज ने भी तमाम समाजवादी नेताओं को गिरफ्तार कर हिरासत में लिया है।

जानकारी के मुताबिक समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने किसानों के समर्थन में रैली आयोजित करने का आह्वान किया है रैली के उद्देश्य से तांगा गाड़ी से विरोध प्रर्दशन को सैनी कोतवाली जा रहे तमाम समाजवादी पार्टी के नेता और पदाधिकारियों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है विरोध प्रदर्शन करने जा रहे नेताओं में पार्टी के नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह फैसल हसन,ज्ञानदत्त यादव संतोष पंडा, विक्की केसरवानी,अंजुम आजमी, दौलतराम पंडा सहित दर्जनों पदाधिकारियों को अझुवा चौकी इंचार्ज विजय कुमार कुशवाहा ने भोला चौराहे से गिरफ्तार कर उन्हें हिरासत में लेकर अझुवा पुलिस चौकी ले गए है ।

करारी से दो दर्जन सपाई पुलिस हिरासत में

किसान विरोधी बिल पर सपा कार्यकताओं का फूटा गुस्सा

करारी कौशाम्बी। करारी थाना क्षेत्र से कई सपा नेता को पुलिस ने हिरासत में लिया है किसान बिल को लेकर कई दिनों से किसान सड़को पर है सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखलेश यादव ने आज सपा किसान के समर्थ में विरोध प्रदर्शन करने के लिये अपील की थी जिससे और भारत बंद का एलान भी किया था जिसे देखते हुए प्रशासन ने अपनी कमर कस लिया था किसानों के हित मे विरोध प्रदर्शन करने से पहले ही सपा के लोहियावाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष को चरवा पुलिस ने 2:30 बजे आधी रात को घर से गिरफ्तार कर लिया करारी चौराहा पर सपा कार्यकताओं ने सड़क पर बैठ कर विरोध दर्ज कराया जिसमे करारी पुलिस ने सपाइयों को पकड़ कर थाने में बैठा लिया सपा नेता परवेज अंसारी ने कहा जब जब भाजपा किसान विरोधी बिल लाएगी हम शांत नही बैठेंगे इसी प्रकार से विरोध प्रदर्शन करते रहेंगे हिरासत में लिए गए पूर्व चेयरमेन मौला बक्स ब्लाक प्रमुख हरिमोहन यादव नाजिम परवेज सुएब शेख पप्पू समदा इसरार अहमद इजहार हुसैन पूर्व लोहियावाहिनी के जिलाध्यक्ष एहतेशाम हुसैन उर्फ लाला रिज्वी समसाद बक्स आदि सपाई मौजूद रहे।

राज्य निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची के कार्यक्रम किए घोषित

जनसंदेश न्यूज

कौशाम्बी। राज्य निर्वाचन आयोग उत्तरप्रदेश द्वारा प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली की पुनरीक्षण कार्यक्रम की निर्गत संशोधित अधिसूचना के अनुपालन में जनपद कौशाम्बी की समस्त ग्राम पंचायतों की निर्वाचक नामावली का वृहद पुनरीक्षण कार्यक्रम की सूचना जारी हो गई है ड्राफ्ट नामावलियों की कम्प्यूटरीकृत पाण्डुलिपि तैयार करने के लिए 13 नवम्बर 2020 से 26 दिसम्बर, 2020 तक का समय निर्धारित किया गया है इसी तरह ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन 27 दिसम्बर, 2020 तक निर्धारित है ड्राफ्ट के रूप में प्रकाशित निर्वाचक नामावली का निरीक्षण 28 दिसम्बर, 2020 से 03 जनवरी, 2021 तक किया जा सकता है।

मतदाता सूची पर दावे एवं आपत्तियाँ करने के लिए 01 जनवरी 2021 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी निर्वाचकों के भी दावे स्वीकार किये जाने के निर्देश निर्वाचन आयोग ने दिए हैं 28 दिसम्बर, 2020 से 03 जनवरी, 2021 तक आपत्तियां स्वीकार की जाएगी। दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण 0 4 जनवरी, 2021 से 11 जनवरी, 2021 तक निर्वाचन अधिकारियों द्वारा किया जाएगा दावे एवं आपत्तियो के निस्तारण के उपरान्त पूरक सूचियों की पाण्डुलिपियों की तैयारी तथा उन्हें मूल सूची में यथा स्थान समाहित करने की कार्यवाही 12 जनवरी 2021 से 21 जनवरी 2021 तक निर्वाचन अधिकारियों द्वारा पूर्ण कर ली जाएंगी निर्वाचक नामावलियों का जनसामान्य के लिए अन्तिम प्रकाशन 22 जनवरी, 2021 को निर्वाचन कार्यालय द्वारा जारी कर दिया जाएगा। उपर्युक्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचक नामावली का पुनरीक्षण एवं प्रकाशन जनवरी, 2021 में हो रहा है, अतः ऐसे अर्ह नागरिक जो दिनांक 01 जनवरी, 2021 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं उनके द्वारा अपना नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित किए जाने हेतु प्राप्त दावों को स्वीकार करते हुए निर्वाचक नामावली में नियमानुसार सम्मिलित किए जाने की कार्यवाही की जाएगी।निर्वाचक नामावली के बृहद पुनरीक्षण के दौरान पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाश दिवसों में सम्बन्धित कार्यालय खुले रहेगे तथा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कार्यवाही पूर्ण करायी जायेगी।

`वैश्विक महामारी कोबिड-19 के दृष्टिगत पुनरीक्षण कार्य में लगे सभी अधिकारी कर्मचारी को निम्न बाते ध्यान में रखनी होगी यथा अपने मोबाइल पर आरोग्य सेतु एप उसे डाउनलोड करना होगा, कोई कार्मिक क्षेत्र में जाये तो फेसमास्क लगाना होगा व क्षेत्र में दो गज की सामाजिक दूरी बनाए रखनी होगी, अनावश्यक भीड़ इकट्ठा नही की जायेगी, सैनेटाइजर का प्रयोग करेंगे, कन्टेनमेण्ट जोन में नही जायेंगे तथा पाजिटिव मरीज की तत्काल सूचना उच्चाधिकारियों को उपलब्ध करायेंगे सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अपने क्षेत्र में उक्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का स्थानीय स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार कराना सुनिश्चित करेंगे।उक्त जानकारी जिला मजिस्ट्रेट जिला निर्वाचन अधिकारी पं0 अमित कुमार सिंह कौशाम्बी ने दी है।

निर्वाचक नामावलियों का जनसामान्य के लिए अन्तिम प्रकाशन 22 जनवरी 2021 को निर्वाचन कार्यालय द्वारा जारी कर दिया जाएगा

हिरासत में लिये गये सपाई एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

प्रतापगढ़। किसान बिल के विरोध मे सोमवार को सपा के घोषित विरोध प्रदर्शन के मददे नजर पुलिस ने डेढ दर्जन से अधिक सपाईयो को हिरासत मे ले लिया। हिरासत मे लिए गये सपाइयो ने कोतवाली के परिसर मे धरना शुरू कर दिया। जानकारी होने पर दोपहर बाद एसडीएम राम नारायण पहुंचे और ज्ञापन लेकर सपाइयो को शांत कराया। सपा ने किसान आंदोलन के समर्थन मे सोमवार को विरोध प्रदर्शन घोषित कर रखा था। पुलिस ने रविवार की रात से ही सपाइयो की खोजबीन शुरू कर दी। देर रात सपा नेता टीपी यादव, रामधन यादव को पुलिस ने रात मे ही हिरासत मे ले लिया। दूसरे दिन सोमवार को सपाई नगर स्थित कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन की रणनीति बना ही रहे थे कि पुलिस ने वहां पहुंचकर मौजूद कार्यकर्ताओ को भी हिरासत मे ले लिया। इनमे रामलगन यादव, प्रकाशनाथ सेवक, मिथिलेश मिश्र, नूरइकबाल रब्बानी, प्रवीण यादव, राजेश यादव, बृजराज यादव, बाबूलाल वर्मा, सुनील सिंह, लालबहादुर यादव, मोइनुददीन, राजेश कुमार शामिल रहे। हिरासत मे लिये गये सपाईयो ने कोतवाली मे धरना शुरू किया। जानकारी होने पर एसडीएम राम नारायण कोतवाली पहुंचे। यहां सपा नेता टीपी यादव की अगुवाई मे कार्यकताओं ने राज्यपाल को संबोधित एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन मे कृषि विधेयक को किसान विरोधी ठहराते हुए इसे वापस लिए जाने की मांग की गई है। हालांकि देर शाम हिरासत मे लिये गये कार्यकताओं को पुलिस ने मुचलका लेकर छोड दिया।

कोतवाली परिसर मे एसडीएम को ज्ञापन सौपते सपाई

एआईएमए के राष्ट्रीय प्रवक्ता बने अद्वैत तिवारी

प्रतापगढ़। आयुष इंटरनेशनल मेडिकल एसोसिएशन के वाइस चेयरमैन डॉ नितिन राज पाटिल ने प्रतापगढ़ जिले के आयुर्वेद चिकित्सक अद्वैत तिवारी को एसोसिएशन का राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाया है।श्री पाटिल ने कहा है कि कोरोना महामारी के वैश्विक संकट से आयुर्वेद ने जनता को बचाने का एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आयुष चिकित्सा से ही महामारी जैसे गंभीर और जटिल बीमारियों से बचा जा सकता है। वैद्य अद्वैत तिवारी को राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाया गया है।

13 दिसम्बर तक जमा करें शस्त्र

प्रतापगढ़। प्रभारी अधिकारी शस्त्र ने अवगत कराया है कि आयुध अधिनियम-1959 एवं आयुध (संशोधन) अधिनियम-2019 में दी गयी व्यवस्थानुसार ऐसे शस्त्र लाइसेन्सी जिनके पास 03 शस्त्र दर्ज है, वे अपने किसी भी तीसरे शस्त्र को दिनांक 13 दिसम्बर 2020 तक प्रत्येक दशा में जमाध्सरेण्डर कर दें।

किसान बिल का विरोध कर रहे सपाइयों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

कटरा गुलाब सिंह,प्रतापगढ। सरकार की किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ गांवों में भ्रमण कर किसानों को जागरूक कर रहे दर्जनों सपाइयों को जेठवारा पुलिस ने थाना क्षेत्र के लोकापुर बाजार से गिरफ्तार कर लिया । विश्वनाथगंज विधान सभा क्षेत्र के पूर्व सपा प्रत्यासी संजय पांडे के नेतृत्व में दर्जनों सपाइयों ने क्षेत्र के कई गांवों में किसानों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनी और आय दोगुनी करने के बहाने किसानों के साथ हो रही ज्यादती की भी चर्चा की। खाद, बीज के मनमानी बढ़ते दाम, किसानों की उपज का निर्धारित मूल्य दिलाने के नाम पर की जा रही धोखा धड़ी, बिजली व डीजल के बढ़ते दाम, नई कृषि नीति के बहाने किसानों के अधिकारों का हनन, जैसे कई मुद्दों को लेकर किसानों को जागरूक किया। क्षेत्र के परसरामपुर, मधुपुर, नेवाड़ी, पूरे बसावन, कुसाही आदि गांवों में भ्रमण के बाद जैसे ही सपा कार्यकर्ता प्राथमिक विद्यालय चन्दीपुर पहुंचे। भारी पुलिस बल के साथ पहुची आरोप है कि जेठवारा पुलिस ने उनके साथ बल प्रयोग करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर लिया ।सपा विधानसभा अध्यक्ष राजकुमार यादव ने आरोप लगाते हुए बताया कि लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात को किसानों तक पहुंचाने में बाधक बनते हुए पुलिस ने मनमानी तरीके से कार्यकर्ताओ से बदसलूकी करते हुए उन्हे पीटा और गिरफ्तार कर लिया। सपा नेता संजय पाण्डेयने कहा कि हम किसानों के हक के लिए लड़रहे हैं और लड़ते रहेगें जब तक कि सरकार उनके हक मे कार्यनही करती है । विरोध प्रदर्शन के दौरान गिरफ्तार किए गए सपाइयों मे पूर्व प्रत्यासी संजय पाण्डेय ,राजकुमार यादव, अहमद अली, महेंद्र यादव, साजिद अली, जुनैद, इरसाद, रितिक यादव, अभिषेक सिंह, सौरभ सिंह सहित कई लोगों को गिरफ्तार किया गया।

सपाइयों को पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार

डेढ़ घंटे तक पुलिस हिरासत में रहे पूर्व कैबिनेट मंत्री

प्रतापगढ़। किसान आंदोलन के समर्थन में शहीद स्थल पर जा रहे पूर्व कैबिनेट मंत्री सहित समर्थकों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। करीब डेढ़ घंटे बाद समर्थको सहित पूर्व कैबिनेट मंत्री को छोड़ा।सोमवार को सपा के आह्वान पर गौरा विकास खंड के कहला स्थित शहीद स्थल पर सपाइयों की ओर से किसान आंदोलन के समर्थन में मीटिंग रखी गई थी। इसमें सपा के पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवाकांत ओझा अपने समर्थकों के साथ शहीद स्थल जा रहे थे। रानीगंज के पावर हाउस तिराहे पर पहुंचते ही एसडीएम राहुल कुमार यादव व सीओ अतुल अंजान त्रिपाठी ने उनके समर्थकों सहित उन्हें पुलिस हिरासत में ले लिया। इसके बाद उन्हें तहसील सभागार ले गए। जहां पर करीब डेढ़ घंटे तक वह पुलिस हिरासत में रहे। इसके बाद उन्हें और उनके समर्थकों को छोड़ दिया गया। पूर्व कैबिनेट मंत्री वर्तमान सरकार के ऊपर लगातार हमलावर रहे। इस दौरान सपा नेत्री गीता यादव,अशोक मिश्र,शमीम अहमद,राम आधार यादव सहित तमाम सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

धर्मा देवी के पुण्य तिथि पर लोगों ने अर्पित किए श्रद्धासुमन

जरुरतमन्दों को वितरित किए गए कम्बल तथा कोरोना योद्धाओं का हुआ सारस्वत सम्मान

प्रतापगढ़। शीतला सहाय धर्मा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित स्वगीर्या धर्मा देवी त्रिपाठी जी की पुण्य तिथि श्रद्धांजलि कार्यक्रम सैलखा पट्टी प्रतापगढ़ में धूमधाम से मनाई गई, लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए श्रद्धा सुमन। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक वरिष्ठ अधिवक्ता साहित्यकार एवं कवि पूर्व मंत्री वकील परिषद दिनेशचन्द्र त्रिपाठी जी तथा ट्रस्ट के अध्यक्ष मुख्य ट्रस्टी एवं मधुकर संगीत महाविद्यालय के संस्थापक एवं आस्था चैनल तथा संस्कृति विभाग के प्रख्यात गायक सुप्रसिद्ध समाजसेवी पंडित विनय प्रिय त्रिपाठी मधुकर द्वारा गरीब जरूरतमंद लोगों को कम्बल वितरित किया गया तथा वरिष्ठ साहित्यकार, कवि एवं अति विशिष्ट लोगों को माल्यार्पण कर अंगवस्त्रम एवं कोरोना योद्धाओं को अन्तर्राष्ट्रीय सम्मान पत्र से सम्मानित किया गया । इस दौरान मुख्य रूप से डा. उमाकांत त्रिपाठी ,डा. रामबोध पाण्डेय, डा. यमुना शंकर पाण्डेय, हास्य व्यंग के सुप्रसिद्ध कवि राजेंद्र प्रसाद पाण्डेय गड़बड. , रामजी मिश्रा चित्रकार, जगत नारायण पाण्डेय, शिवकुमार त्रिपाठी, प्रभाकर त्रिपाठी एडवोकेट, बसंत प्रसाद पाण्डेय, राजीव रंजन त्रिपाठी एडवोकेट, बृजेश श्रीवास्तव एडवोकेट, जयनारायण पांडेय, विजय कुमार पाण्डेय, उद्योगपति लाल बहादुर यादव, कमलेश पाठक, छोटे लाल पांडेय, बृजेश पाण्डेय, ओम प्रकाश पाठक, कुमुद रंजन त्रिपाठी, भोला पांडेय, भाष्करांशु त्रिपाठी, अनंत पांडेय एवं प्रियम त्रिपाठी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे ।

जरुरतमन्दों को वितरित किए कम्बल।

प्रमोद तिवारी को यूपी को-आर्डिनेशन कमेटी का भी प्रभार मिलने से मगन हुये कार्यकर्ता

प्रतापगढ़। कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य तथा पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी को कांग्रेस नेतृत्व ने एक और अहम संगठनात्मक जिम्मेदारी से नवाजा है। जानकारी मिलने पर सोमवार को यहां विधायक आराधना मिश्रा मोना के कैम्प कार्यालय पर कार्यकताओं मे खुशी देखी गई। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने प्रमोद तिवारी को अब यूपी आउटरीच कमेटी के साथ को-आर्डिनेशन कमेटी का भी प्रदेश प्रभार सौंपा है। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी तथा महासचिव एवं यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी के प्रस्ताव पर कांग्रेस हाईकमान द्वारा प्रदेश के कददावर नेता प्रमोद तिवारी को इन दिनों एक से बढ़कर एक पार्टी संगठन की अहम जिम्मेदारियों का दायित्व मिलने का सिलसिला जारी देख समर्थको मे भी भारी उत्साह का माहौल है। बैठक के जरिये पार्टी कार्यकताओं ने श्री तिवारी को को-आर्डिनेशन कमेटी का भी प्रभार सौपने पर सोनिया गांधी तथा प्रियंका गांधी के प्रति आभार जताया। बैठक की अध्यक्षता ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष केडी मिश्र तथा संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। इस मौके पर प्रमुख ददन सिंह, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू, जिपंस पुष्पा देवी, विकास मिश्र, महेन्द्र सिंह, शिव बहादुर सरोज, इं. ओमप्रकाश सरोज, सुधाकर पाण्डेय, रामबोध शुक्ल, भुवनेश्वर शुक्ल, पप्पू तिवारी, छोटेलाल सरोज, महमूदआलम, युवा इंका जिलाध्यक्ष सुधीर तिवारी, प्रीतेन्द्र आदि रहे।